(ii) Recurring : Annual

	Essential	Desirable
(a) Salaries	(as per UGC/state/ central govt. norms)	
(b) Maintenance costs (Honorarium, Travel, Field Visits, Laboratories and Library, Purchase of soft-wares and General amenities etc.) Library books	2 lakhs	5 lakhs
(c) Replenishment of sports	Rs. 50,000/-	Rs. 25,000/-
(d) games and athletics equipment	Rs. 1,25,000/-	Rs. 1,50,000/-

*Note : Provision of Rs. 2 lakhs annually be made to add to the facilities and amenities under plan head.

5.4 Fees

The fee structure should be as prescribed by the state government/university from time to time. The guiding criteria for prescribing the annual tuition fee is that it should not exceed what is being spent per student annually under recurring expenditure. 10% of the students should be given freeship/scholarship on merit-cum-means basis.

6.0 More than one course in the same institution

If one or more courses in teacher education are run by the same institution in the same building/ complex, the facilities in terms of building, hall, library, hostels, equipment, play fields etc. may be shared in a reasonable manner.

C:/WPWIN60/WPDOCS/JULY-10/PT-GRU-CWPD

प्रबन्धक, भारत सरकार मुद्रणालय, फरीदाबाद द्वारा मुद्रित
एवं प्रकाशन नियंत्रक, दिल्ली द्वारा प्रकाशित, 1999

PRINTED BY THE MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, FARIDABAD,
AND PUBLISHED BY THE CONTROLLER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1999

attested
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सेंट्रल लाइन्स, दिल्ली

247

(14)

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

सी–2/10, सफदरजग डवलपमेन्ट एरिया

नई दिल्ली–110016, दिनांक 29 दिसम्बर, 1998

सं० एफ० 28–II/96–एन० सी० टी० ई०—धारा 32 की उपधारा (2) के खंड (च) तथा (ज) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जिन्हें राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद अधिनियम, 1993 (1993 की संख्या 73) की धारा 14 एवं 15 के साथ पढ़ा जाये, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा संख्या एफ 28–11/95–एन० सी० टी० ई० दिनांक 29 दिसम्बर, 1995 के अंतर्गत जारी राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (मान्यता के लिये आवेदन पत्र, आवेदनपत्र भेजने की विधि, संस्थानों की मान्यता की शर्तों का निर्धारण तथा नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की अनुमति) विनियम 1995 में संशोधन करने के लिये निम्नलिखित विनियम बनाये गये हैं।

1. इन विनियमों का नाम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (मान्यता के लिये आवेदनपत्र, आवेदनपत्र भेजने की विधि, संस्थानों की मान्यता की शर्तों का निर्धारण तथा नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की अनुमति) विनियम, 1998 है।

2. ये विनियम तत्काल से लागू माने जाएंगे।

3. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (मान्यता के लिये आवेदनपत्र, आवेदनपत्र भेजने की विधि, संस्थानों की मान्यता की शर्तों का निर्धारण तथा नया पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण प्रारम्भ करने की अनुमति) विनियम, 1995 की तीन परिशिष्टों यथा परिशिष्ट II (क), परिशिष्ट II (ख) तथा परिशिष्ट II (ग) के स्थान पर, जिनका उल्लेख पैरा 8 के उप पैरा (ख) में और पैरा 9 के उप पैरा (ख) में है, निम्नलिखित परिशिष्ट रखे जाएंगे, यथा :

परिशिष्ट II (क) : अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिये मानक और मानदंड–पूर्व प्राथमिक (प्राथमिक बाल सुरक्षा और शिक्षा)

परिशिष्ट II (ख) : अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिए मानक और मानदंड–प्रारम्भिक

परिशिष्ट II (ग) : अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिए मानक और मानदंड–माध्यमिक (शिक्षा स्नातक बी० एड०)।

सुरेन्द्र सिंह
सदस्य सचिव

परिशिष्ट—1(क)

11 सितम्बर, 1998/14 जुलाई, 1998

अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिये

मानक और मानदंड

पूर्व प्राथमिक

(प्रारम्भिक बाल सुरक्षा और शिक्षा)

एन० सी० टी० ई०

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

सी–2/10, सफदरजंग डवलपमेंट एरिया

नई दिल्ली

1998

अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिये मानक और मानदंड

पूर्व–प्राथमिक

(प्रारम्भिक बाल सुरक्षा तथा शिक्षा)

1. प्रस्तावना

प्रारम्भिक बाल-सुरक्षा एवं शिक्षा (ई. सी० सी० ई०, जो पूर्व-प्राथमिक शिक्षा का एक वैकल्पिक नाम है और जिसे एक अधिक व्यापक एवं सर्वग्राही संकल्पना कहा जा सकता है) को बालक के सम्पूर्ण विकास का एक बड़ा ही महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग माना जाना चाहिए। प्रारम्भिक बाल सुरक्षा एवं शिक्षा (ई० सी० सी० ई०) के क्षेत्र में इस समय इंटीग्रेटेड चाइल्ड डवलपमेंट सर्विसिज, अर्ली चाइल्डहुड एजूकेशन-ग्रान्ट-इन एड स्कीम, क्रेचेज एण्ड डे-केयर सेन्टर्स, बालवाड़ियां तथा पूर्व प्राथमिक विद्यालय (प्री प्राइमरी स्कूल) जैसे अनेक प्रकार के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। तदनुरुप प्रारम्भिक बाल सुरक्षा एवं शिक्षा (ई० सी० सी० ई०) के लिये प्री प्राइमरी टीचर्स (पूर्व प्राथमिक अध्यापक) नर्सरी अध्यापक तथा आंगनवाड़ी/बालवाड़ी कार्यकर्त्ता जैसे अनेक प्रकार के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी चल रहे हैं। पहले प्रकार के कार्यक्रमों के स्वरुप को मूलत: सेवा में आने के पूर्व का प्रशिक्षण कहा जा सकता है जबकि दूसरे कार्यक्रम वे हैं जो निरन्तर प्रदान की जाने वाली शिक्षा का ही एक अंग है। ई० सी० सी० ई० प्रशिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा सम्बन्धित व्यक्तियों को इस ढंग से प्रशिक्षित किया जाता है कि वे औपचारिक एवं अनौपचारिक दोनों ही प्रकार की व्यवस्थाओं में कार्य कर सकें। कार्यक्रमों की दिशा और स्वरुप ही नहीं बल्कि उनकी अवधि (जो कुछ माह से लेकर तीन वर्ष तक की हो सकती है) अलग–अलग ही नहीं है वरन् जिन स्तरों पर इन पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया जाता है (दसवीं कक्षा से कम से लेकर स्नातक स्तर की योग्यता रखने वाले प्रशिक्षुओं के लिये) उनका स्तर भी काफी अलग–अलग है। यहां जो मानक और मानदंड दिये गये हैं उनका सम्बन्ध विशेष रुप से पूर्व–प्राथमिक स्तर के लिये आयोजित सेवापूर्व के अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों से है जिनसे 3–6 वर्ष के आयुवर्ग के बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है।

प्राथमिक–पूर्व शिक्षा का उद्देश्य है एक स्वस्थ, प्रसन्नचित्त बालक को विकास की दिशा पर ले जाना जिसका दृष्टिकोण मानवीय हो और जिसमें स्वयं सीखने की ललक पनप सके, न कि केवल उसे लिखने–पढ़ने तथा गणित की शिक्षा ही देना, जैसी कि प्रथा चली आ रही है, आवश्यक समझा जाय। बच्चे की प्रारम्भिक शिक्षा ऐसी हो जो उसके विकास तथा उस दिशा में उसकी निरन्तर प्रगति में सहायक हो सके। इस दृष्टि को ध्यान में रखकर इस क्षेत्र से सम्बन्धित अध्यापक शिक्षा के कार्यक्रमों का लक्ष्य विद्यार्थी अध्यापक की संकल्पनाओं, दक्षताओं, प्रवृत्तियों और कुशलता का विकास होना चाहिये जिनका सीधा सम्बन्ध विकासोन्मुखी ऐसी पाठ्यचर्याओं को [illegible] करना हो जिनके केन्द्रबिन्दु में बच्चा हो, उसकी क्रीड़ाएं

Attested
Sahayak Niyantrak (Prakashan)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

Image Code

एवं खेलकूद एवं खेलकूद सम्बन्धी गतिविधियों रहें और जिनका दृष्टिकोण प्रारम्भिक बाल सुरक्षा एवं शिक्षा (ई०सी० सी०ई०) पर आधारित हो । पाठ्यचर्या में जिन बातों को सम्मिलित किया जाना आवश्यक है वे हैं : संज्ञानात्मक अथवा प्रज्ञाशक्ति तथा भाषा ज्ञान का विकास, स्वास्थ्य एवं पोषाहार, सामाजिक–भावनात्मक विकास, शारीरिक एवं मनोमिति (साइकोमोटर) विकास, सौंदर्यबोध का विकास, रचनात्मक शक्ति एवं खेलकूद की प्रवृत्ति, कार्यक्रम नियोजन तथा विद्यालय संगठन, जनता की भागीदारी और उसका सहयोग । मोटे तौरपर निर्धारित इन दिशानिर्देशों के अंतर्गत पाठ्यचर्याएं लचीली हो सकती हैं ताकि उनमें प्रारम्भिक बाल सुरक्षा एवं शिक्षा (ई०सी०सी०ई०) के क्षेत्र से सम्बन्धित विभिन्न दृष्टिकोणों और सिद्धान्तों का समावेश हो सके । किन्तु यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि शिक्षा में तीन 'आर' (लिखने–पढ़ने, रटने) की प्रवृत्ति को बच्चों पर जबर्दस्ती न लादा जाय और पाठ्य-पुस्तकें, परीक्षाएं, साक्षात्कार, गृहकार्य तथा खेलकूद प्रतियोगिताएं जैसे क्रियाकलापों को, जो उस आयुवर्ग के अनुकूल नहीं है, उसमें प्रारम्भ न किया जाय ।

प्रारम्भिक बाल सुरक्षा एवं शिक्षा कार्यक्रमों पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दिशानिर्देशों के अनुरूप, पूर्व–प्राथमिक स्तर पर अध्यापक शिक्षा के कार्यक्रमों की गुणवत्ता को बढ़ाया जाना ही आवश्यक नहीं है बल्कि इसके आधार को व्यापक बनाना भी जरुरी है ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें । आज विद्यालय स्तर के पूर्व के जितने अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम चल रहे हैं। उनमें से अनेक कार्यक्रमों को प्रारम्भिक बाल शिक्षा के बुनियादी दर्शन, सिद्धान्त, भावना एवं पद्धतियों के अनुरूप उचित रूप से ढ़ालने की जरूरत है। उन संस्थानों में जो इस कार्यक्रम को चलाते हैं, आवश्यक मूलभूत साज–सामान, जन–संसाधन तथा शैक्षणिक सामग्री आदि का होना भी आवश्यक है ताकि उच्च स्तर की गुणवत्तापूर्ण अध्यापक शिक्षा की व्यवस्था हो सके ।

यहां प्रस्तुत मानक और मानदंड इस दृष्टि से निर्धारित किये गये हैं कि अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों के विभिन्न पक्षों में गुणवत्ता और उचित प्रकार से एकरूपता बनाये रखना सुनिश्चित हो सके । इनमें उन अपेक्षाओं को स्पष्ट किया गया है, सेवापूर्व अध्यापक शिक्षा से सम्बन्धित किसी भी पाठ्यक्रम अथवा प्रशिक्षण की मान्यता, उसकी अनुमति तथा उसमें निर्धारित विद्यार्थियों से अधिक की प्रवेश के लिये जिनकी पूर्ति होना आवश्यक है । ये मानक और मानदंड सेवा में आने से पहले विभिन्न नामों से चलाये जा रहे समान समकक्ष अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों पर लागू रहेंगे । इन मानकों के अंतर्गत मानव–संसाधन, आधारभूत साज–सामान, शैक्षिक अवदान तथा वित्तीय प्रावधान जैसे विषयों को रखा गया है और उनका विशेष विवरण दिया गया है और इनके सम्बन्ध में जहां न्यूनतक को अनिवार्य बताया गया है वहां प्रासंगिक वास्तविकताओं को ध्यान में रखकर ऐसा किया गया है । अपेक्षित के सम्बन्ध में भी स्तर निर्धारित किये गये हैं । उनके अनुसार व्यवस्था होने पर इसमें कोई संदेह नहीं कि निश्चय ही प्रारिम्भक बाल सुरक्षा एवं शिक्षा (ई०सी०सी०ई०) प्रशिक्षण कार्यक्रम की गुणवत्ता के स्तर में वृद्धि होगी । ये मानक और मानदंड उन स्थानों पर लागू होते हैं जो केवल पूर्व-प्राथमिक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों को चला रहें हैं । साथ ही ये उन स्थानों पर भी लागू रहेंगे जो शिक्षा के अन्य चरणों में अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम चला रहे है ।

इस दस्तावेज में ढांचागत आधारभूत साज–सामान शैक्षिक के अंतर्गत भूखंड, भवन, स्थान, कक्षों (कमरों), पुस्तकालय आदि के लिये जिन अनिवार्य अथवा आरक्षित मापों का उल्लेख है, आशय यह है कि लगभग उतनी अवश्य हों और उनका उल्लेख मात्र मार्गदर्शन की दृष्टि से ही किया गया है । इसका मुख्य प्रयोजन यह सुनिश्चित करना ही है कि कमरे आदि उतने आकार के अवश्य हों, जिनमें अपेक्षित संख्या में विद्यार्थियों के पठन–पाठन की गतिविधियां बिना किसी कठिनाई के सुचारूरूप में सम्पन्न हो सके ।

मानव संसाधन

2.1 अध्यापक वर्ग

अध्यापक–विद्यार्थी का अनुपात इस तरह का रहना चाहिए कि अध्यापक पढ़ाते समय अपने विद्यार्थियों पर व्यक्तिगत ध्यान दे सकें जिसके दौरान क्षेत्र में होने वाले लाभ और प्रायोगिक सम्बन्धो क्रियाकलापों पर जोर दिया जा सके । प्रतिवर्ष 40 विद्यार्थियों को प्रवेश दिये जाने पर अनिवार्य रूप से 1 : 2 (अपेक्षित 1:10) का अनुपात रहना चाहिये । अध्यापक वर्ग में 80 विद्यार्थियों के

Attested
12/5/11
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

249

लिए (प्रथम तथा द्वितीय वर्ष में) एक प्राचार्य, 6 पूर्णकलिक तथा दो अंशकालिक अध्यापक होने चाहिए। अंशकालिक आधार पर ललित कलाओं (शिल्प, चित्रकला, कुंभकारी, मूर्तिकला आदि) रंगमंच तथा अभिनय कलाओं (नाटक, संगीत, नृत्य आदि), विज्ञान (जीव, पर्यावरण, भौतिक) आदि के लिए नियुक्त अध्यापक अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ अध्यापक होने चाहिए। सभी अध्यापकों के पास ई० सी० सी० ई० में विशेष योग्यता होनी चाहिए। सामान्य/बुनियादी शिक्षा के लिए सभी अध्यापकों की नियुक्तियां विधिवत गठित चयन समिति द्वारा चयन के बाद पूर्णकालिक नियमित आधार पर ही होनी चाहिए।

पद	अनिवार्य योग्यताएं	अपेक्षित योग्यताएं
प्राचार्य	एम० एस० सी०(होम साइन्स) साथ में मानव विकास/बाल विकास/ई० सी० सी० ई०/एम० एड० अथवा ई० सी० सी० ई० के साथ शिक्षा विषय में एम० ए० एवं अध्यापन में 5 वर्ष का अनुभव	मानव विकास/बाल विकास/ई० सी० सी० ई० में पीएच० डी० तथा अध्यापन कार्य में 5 वर्ष का अनुभव
पोस्ट ग्रेजुएट अध्यापक प्राध्यापक (लेक्चरर) अनिवार्य : 6 पूर्णकालिक अपेक्षित : 8 पूर्णकालिक	शिक्षा विषय में एम० ए०/एम० एड० साथ में ई० सी० सी० ई० 1 लेक्चरर जो विकासोन्मुख मनोविज्ञान (डवलपमेन्टल साइकलाजी में एम० ए० हो)	बाल विकास/मानव विकास/ई० सी० सी० ई० में पीएच० डी० साथ में अध्यापन कार्य में 5 वर्ष का अनुभव।
अंशकालिक अध्यापक : 2	ललित कलाओं/अभिनय कलाओं/विज्ञान में विशेष योग्यता	
पुस्तकालय सहायक एवं तकनीकी कर्मचारी (तकनीशियन)	पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाणपत्र/डिप्लोमा अथवा स्नातक (पुस्तकालय विज्ञान) (बी० लिब०)	एम० लिब० तकनीशियन/कम्प्यूटर एजूकेशन में प्रशिक्षण

टिप्पणी : जो पहले से ही सेवारत हैं अथवा जहां ई० सी० सी० ई० में प्रशिक्षण के साथ योग्यता-प्राप्त प्राचार्य और अध्यापक उपलब्ध नहीं हैं, अध्यापक वर्ग के उन व्यक्तियों को कम से कम 21—21 दिन की अवधि के दो नियमित ई० सी० सी० ई० अथवा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित ई० सी० सी० ई० को पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेना होगा।

2.2 प्रशासकीय कर्मचारी वर्ग

पद	अनिवार्य
उच्च श्रेणी क्लर्क तथा कार्यालय अध्यक्ष	एक
निम्न श्रेणी क्लर्क/टाइपिस्ट	एक
तकनीकी/पुस्तकालय सहायक/स्टोर कीपर	एक
कम्प्यूटर प्रचालक	दो
सहायक कर्मी (हेल्पर)	
कुल	पांच

Attested

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

250

3. ढ़ांचागत आधारभूत साज-सामान

3.1. स्थान और भवन

3.1.1 भूखंड और स्थान

इनडोर और आउटडोर दोनों प्रकार की गतिविधियों के इस्तेमाल के लिये कुल मिला कर लगभग 4000 वर्ग मीटर क्षेत्र होना चाहिए और उसमें प्रकाश रोशनदानों, सुरक्षा और सफाई की पर्याप्त व्यवस्था रहनी चाहिये। बाग-बगीचों (फूलदार पौधों, जड़ी बूटी वाले पौधों) और खेल के मदानों के लिये पर्याप्त खुली जगह रहनी चाहिये। संस्थान ऐसे क्षेत्र में होना चाहिये जहां अपेक्षाकृत शोरगुल कम रहता हो और जो प्रदूषण-मुक्त हो। वहां परिवहन और संचार की अच्छी सुविधाएं होनी चाहिये तथा पानी-बिजली और प्रसाधन (शौचालय आदि) की सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिएं। स्थानीय सांस्कृतिक मानदंडों और उपयुक्त किस्म के फर्नीचर को इस्तेमाल में लाकर उपलब्ध स्थान को अनेक कार्यों के लिये प्रयोग में लाने के लिए एक ऐसी नवीन दृष्टि अपनाई जानी चाहिये कि स्थान के उपयोग पर खर्च भी कम आये और उसका पूरा-पूरा लाभ उठाया जा सके। जहां 30 प्रतिशत बाहर से आकर पढ़ने वाले विद्यार्थी हों, उपयुक्त तो यह होगा कि वहां कर्मचारी वर्ग के लिए आवासगृहों और विद्यार्थियों के लिये छात्रावास की व्यवस्था की जाये।

3.1.2 शैक्षणिक क्षेत्र

संस्थान की इमारत के लिये ऐसे मानदंडों को प्रोत्साहन दिया जाना उचित रहेगा जिनको अमल में लाने से उपलब्ध स्थान, हवा, धूप तथा छांह सभी का अधिकतम प्रभावी ढ़ंग से लाभ उठाया जा सके। जिसके लिये इमारत के निर्माण में देशी पद्धतियों (तकनीकों) को अपनाया जाना चाहिये किन्तु आवश्यक यह भी है कि उनके कारण इमारत की सुरक्षा सम्बन्धी अपेक्षाओं के लिये खतरा न रहे। इसमें सिद्धांत विषयों की पढ़ाई की कक्षाओं के लिये कमरे होने चाहिये, अन्दर होने वाले कार्यक्रमों और गतिविधियों के लिये स्थान रहना चाहिये, एक ऐसा बड़ा बहुउद्देश्यीय हाल होना चाहिये जिसमें कला, शिल्प, संगीत एवं वाद्य तथा अन्य गतिविधियों, सामग्री-उत्पादन, शिक्षा प्रौद्योगिकी आदि से सम्बन्धित पठन-पाठन से सम्बन्धित तरह-तरह के कार्यों के लिये स्थान रहे, साथ ही जिसमें पुस्तकालय शिक्षा ग्रहण करने के संसाधन केन्द्र के लिये स्थान भी रहना चाहिये। सिद्धांत विषयों की पढ़ाई के कक्षाओं के कमरे इतने बड़े होने चाहिये कि उसमें अधिकतम 50 विद्यार्थी अध्यापकों के लिये अच्छा तो यह रहे कि 40 के लिये स्थान रहे।

मद	अनिवार्य	अपेक्षित
कक्षाओं के कमरे	2 (प्रत्येक 45 व० मी०)	4 (प्रत्येक 70 व० मी०)
कला, शिल्प, संगीत, वाद्य अन्य गतिविधियों, सामग्री उत्पादन तथा शिक्षा प्रौद्योगिकी के लिये	एक बड़ा बहुउद्देशीय हाल 150 व० मी०	हाल (100 व० मी०) और इन सभी क्रियाकलापों के लिये अलग अलग कमरे
शिक्षा ग्रहण संसाधन* केन्द्र	एक बड़े अकार का कमरा (75 व० मी०)	पुस्तकालय, शैक्षणिक प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर प्रयोगशाला के लिये अलग कमरा
इनडोर गेम्स/शारीरिक शिक्षा स्पोर्टस, एथेलेटिक्स	शारीरिक शिक्षा, स्पोर्टस तथा एथेलेटिक्स के लिये बाहर उपयुक्त आकार का खुला मैदान	इसके अतिरिक्त इंडोर खेलों के लिये अलग कमर

*शिक्षा ग्रहण संसाधन केन्द्र (लर्निंग रिसोर्स सेन्टर)

अलग से पुस्तकालय, शिक्षा प्रौद्योगिकी तथा मनोविज्ञान प्रयोगशाला की सुविधाओं के बजाय, विकल्प स्वरूप सीखने-पढ़ने का एक सम्मिलित शिक्षा ग्रहण संसाधन केन्द्र की स्थापना करने पर विचार किया जाना चाहिये। यह केन्द्र (लर्निंग रिसोर्स सेन्टर) स्थापित किये जाने का उद्देश्य यह होना चाहिये कि इसमें ऐसी व्यवस्था रहे जिसमें अध्यापक और विद्यार्थी पठन-पाठन की प्रक्रिया में सहायता देने और उसकी अभिवृद्धि के लिये तरह-तरह की सामग्री का इस्तेमाल कर सकें। इस केन्द्र में निम्नलिखित वस्तुएं उपलब्ध रहनी चाहिएं :—

* पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं तथा मैगजीन
* बाल-पुस्तकें
* श्रव्य-दृश्य उपस्कर (यंत्र-संयंत्र), टी० वी०, वी० सी० आर०, टेप रिकार्डर, स्लाइड प्रोजेक्टर
* पठन-पाठन सामग्री, चार्ट, चित्र
* विकासोन्मुखी प्रगति मूल्यांकन सम्बन्धी चैक लिस्ट और नाप-तौल के औजार
* कम्प्यूटर, जेरोक्स मशीन।

3.1.3 प्रयोगशाला विद्यालय

अपेक्षा यह की जाती है कि प्रशिक्षण संस्थान के साथ लगा एक पूर्व-प्राथमिक विद्यालय ई०सी०सी०ई० केन्द्र हो। किन्तु जब तक संस्थान का स्वयं कोई अपना पूर्व-प्राथमिक विद्यालय हो, संस्थान किसी आसपास के विद्यालय अथवा कुछ विद्यालयों के एक समूह को उसे/उन्हें अपनाये जाने की दृष्टि से परस्पर एक समझौते पर (मेमोरेण्डम आफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर करके उसे/उन्हें अपना सकता है।

5—519 GI/98

Attested

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

251

3.1.4 कार्यालय के लिये स्थान

विवरण	अनिवार्य	अपेक्षित
प्राचार्य का कक्ष	लगभग 20 वर्ग मीटर	लगभग 25 वर्ग मीटर
अध्यापक बैठक कक्ष	लगभग 40 वर्ग मीटर	लगभग 75 वर्ग मीटर
कार्यालय कक्ष	लगभग 20 वर्ग मीटर	लगभग 30 वर्ग मीटर
भण्डार कक्ष	लगभग 20 वर्ग मीटर	लगभग 30 वर्ग मीटर

3.1.5 सुविधाएं

अनिवार्य	अपेक्षित
महिला विद्यार्थियों के लिये एक सामान्य बैठक कक्ष (कम से कम तलक्षेत्र 50 व० मी०)	महिला और पुरुष प्रत्येक वर्गों के विद्यार्थियों के लिये बैठक कक्ष
महिला तथा पुरुष प्रशिक्षुओं के लिये अलग-अलग प्रसाधन (शौचालय आदि)	कर्मचारियों के लिये अलग से अतिरिक्त प्रसाधान (शौचालय आदि)
(कम से कम दो स्थानों पर पीने के पानी की सुविधा जहां कार्य समय के दौरान हर वक्त पानी उपलब्ध रहे।	जल प्रशोतक (वाटर कूलर) ; प्राचार्य, कर्मचारी वर्ग, पुस्तकालय, बैठक कक्षों के लिये डेजर्ट कूलर।

3.1.6 आवासीय क्षेत्र

विद्यार्थियों के लिये छात्रावास

अपेक्षित

महिला विद्यार्थियों के लिये एक छात्रावास। यदि विद्यार्थी नगर निगम की सीमाओं के बाहर से आते हैं तो अपेक्षा यह भी है कि पुरुष विद्यार्थियों के लिये भी एक छात्रावास रहेगा। छात्रावासों में कमरे ऐसे हों जिनमें एक या दो विद्यार्थी रह सकें और जिनमें भोजनालय, भोजन-कक्ष (डायनिंग रूम) तथा प्रसाधन (शौचालय) की सुविधाएं हों।

कर्मचारी आवासगृह

अपेक्षित

प्राचार्य के निवास स्थान के अतिरिक्त अध्यापक वर्ग के कम से कम 50 प्रतिशत व्यक्तियों के लिये आवासगृहों (क्वार्टर्स) की व्यवस्था होनी चाहिये। अध्यापक वर्ग से अतिरिक्त ऐसे अन्य कर्मचारियों के लिये भी जिनकी सेवाओं की रात-दिन में किसी भी समय आवश्यकता रहती है, परिसर के पास ही कहीं रहने के स्थान की व्यवस्था होनी चाहिये। उन क्षेत्रों में, जहां किराये पर मिलने वाले मकानों की कमी हो, सभी वर्गों के कर्मचारियों के लिये रहने की व्यवस्था होनी चाहिये।

3.1.7 खेल के मैदान

अनिवार्य

संस्थान के पास खुले मैदान के रूप में उचित आकार की जगह (लगभग 1000 वर्ग मीटर) होनी चाहिये जिससे वहां 50 प्रतिशत विद्यार्थियों को एक ही समय में एक साथ बाहर मैदान में खेले जाने वाले खेलों जैसे कि वालीबाल, बास्केटबाल, बैडमिन्टन, थो बाल, खो-खो, कबड्डी और दूसरे भारतीय खेलों को खिलाने की व्यवस्था हो सके।

अपेक्षित

अपेक्षा तो यह है कि बाहर मैदान में सक्रिय रूप से खेले जाने वाले और भी अधिक खेलों जैसे कि गेंद से खेले जाने वाले खेलों, एथलेटिक्स के लिये मैदानों और इनडोर खेलों के लिये कमरों की व्यवस्था रहे। वांछनीय तो यह है भी कि बाग-बगीचे के लिए भी कुछ स्थान रहे जिसमें फूलदार पौधे, फलदार वृक्ष, जड़ी-बूटियों वाले पौधे लगाये जा सकें साथ ही सड़कों के दोनों ओर अन्य उपयुक्त स्थानों पर पेड़ लगाने की व्यवस्था भी रहे।

3.2 फर्नीचर

संस्थान की इमारत के सभी कमरों में उचित किस्म का पर्याप्त फर्नीचर (कम से कम इतना जिसका विवरण नीचे दिया गया है) होना। फर्नीचर ऐसा हो जो सम्बन्धित कार्य के अनुरूप और उस कमरे में होने वाली गतिविधियों के लिये उपयुक्त रहे। फर्नीचर इस ढंग का भी होना चाहिए जो पठन-पाठन की विभिन्न गतिविधियों जैसे कि पठन-पाठन सम्बन्धी कार्यों, प्रदर्शन, भाषण, परिचर्चा, सामूहिक कार्य, परियोजना कार्य सभी के लिये उपयुक्त रहे। फर्नीचर ऐसा हो जो वजन में हल्का हो, जिसे आसानी से हिलाया या हटाया जा सके और जो तरह-तरह के कार्यों में काम आ सके, साथ ही जब भी आवश्यक हो जिसे अलग-अलग ढंग से व्यवस्थित करके रखा जा सके। अनिवार्य फर्नीचर का विवरण इस प्रकार है :—

* विद्यार्थियों, अध्यापकों के लिये कुर्सियां और मेजें—आवश्यकतानुसार
* हाल में मंच, विद्यार्थियों, अध्यापकों तथा अतिथि गण के लिये पर्याप्त संख्या में कुर्सियां
* कार्य सम्बन्धित मेजें, स्टूल, अलमारियां
* सभी कर्मचारियों के लिये कुर्सियां और मेजें—आवश्यकतानुसार

Attested

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

252

IndiaCode

* पुस्तकालय में पर्याप्त संख्या में बुकशेल्ज, मेजें, कुर्सियां पत्र–पत्रिकाएं रखने के रैक, फाइलिंग कैबिनैट
* सूचनापट्ट, बुलटिन बोर्ड, ब्लैकबोर्ड
* स्टोरेज रैक
* कला/संगीत कार्यक्रमों के लिये उपयुक्त आकार वाली दरियां, कोइर मैट, मेजें ।

3.3 विभिन्न क्रियाकलापों के लिये उपस्कर (यंत्र–संयंत्र)

3.3.1 पठन–पाठन सामग्री और सहायक यंत्र–संयंत्र

कार्यक्रम के लिये विभिन्न प्रकार की जिन गतिविधियों के लिये योजनाएं बनाई जाएं उनके प्रयोग में आने वाली सामग्री और यंत्र–संयंत्र काफी संख्या में ही नहीं रहने चाहिये बल्कि वे बढ़िया किस्म के होने चाहियें । इनमें निम्नलिखित शामिल हैं :—

अनिवार्य

शिक्षा सामग्री, मोडल, खेल का सामान, विभिन्न विषयों (संगीत खेलकुद, शिक्षा–गतिविधियां, काम में आने वाले पृष्ठ कठपुतली सचित्र पुस्तकें, फोटो, बड़े चित्र (ब्लो अप), चार्ट नक्शे, फ्लैश कार्ड, छोटी हस्तपुस्तिकाएं, चित्र, बाल विकास के लक्षणों, को प्रदर्शित करने वाले चित्र ।

अपेक्षित :

शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण का सामान, सहायक पोषाहार तैयार करने के यंत्र, प्रथमोपचार सामग्री ।

3.3.2 यंत्र-संयंत्र, औजार सहायक सामग्री, खेलकूद की सामग्री तथा कला एवं शिल्प सम्बन्धी कार्यों के लिए कच्चा सामान :

अनिवार्य

लकड़ी के काम में आने वाले औजारों का एक सेट, माली के औजारों का एक सेट, खिलौने बनाने, गुड़िया बनाने, सिलाई, कपड़े की कटाई-छंटाई, कठपुतली में काम आने वाला कच्चा सामान और उसके यंत्र-संयंत्र तथा चार्ट, मोडल, तथा अध्यापक विद्यार्थी द्वारा किये जाने वाले अन्य प्रायोगिक कार्यों में काम आने वाला सामान, कला-सामग्री, बेकार सामग्री, स्टेशनरी (चार्ट पेपर, माउन्टबोर्ड आदि) कैंची, पैमाने आदि, कपड़ा ।

अपेक्षित

उपर्युक्त कार्यों के लिए हाथ से चलाये जाने वाले औजार और दूसरे यंत्र-संयंत्र जैसे कि सिलाई मशीन आदि ।

3.3.3 श्रव्य–दृश्य यंत्र-संयंत्र

टी० वी०, वी० सी० आर० ओडयो कैसेट रिकार्डर, स्लाइड प्रोजेक्टर, खाली ओडियो-वीडियो कैसेट, श्रव्य-दृश्य से सम्बन्धित अन्य सामग्री (एड्स), वीडियो-ओडियो टेप, स्लाइड्स, चार्ट, चित्र ।

अपेक्षित

कम्प्यूटर तथा अन्य सहायक यंत्र एवं सामग्री ।

3.3.4 संगीत एवं वाद्ययंत्र

अनिवार्य

हारमोनियम, तबला, बांसुरी, मंजीरा तथा भारतीय शैली के अन्य वाद्ययंत्र जैसे सामान्य वाद्ययंत्र ।

अपेक्षित

ढोलक, ढोल-नगाड़ा, तंबूरा, ट्रायएंगिल्स, झांझ-करताल, घूंघरू, स्थानीय रूप से उपलब्ध अथवा अध्यापक द्वारा उपलब्ध साधनों से बनाये गये अन्य यंत्र ।

3.3.5 पुस्तकें, पत्रपत्रिकाएं तथा मैगजीन

अनिवार्य

संस्थान की स्थापना के पहले वर्ष में सम्बन्धित विषयों पर कम से कम 1000 पुस्तकें उपलब्ध रहनी चाहिएं और उनमें प्रति वर्ष स्तरीय पुस्तकों की उचित संख्या में वृद्धि होती रहनी चाहिए । संग्रहीत पुस्तकों में बाल-विश्वकोश, शब्दकोश, संदर्भ पुस्तकें, व्यावसायिक शिक्षा विषय पर पुस्तकें, अध्यापक के प्रयोग में आने वाली हस्त-पुस्तिकाएं चित्रात्मक पुस्तकें सम्मिलित रहनी चाहिएं । संस्थान को कम से कम तीन पत्रपत्रिकाओं को मंगाने की व्यवस्था करनी चाहिए जिनमें से एक व्यावसायिक शिक्षा विषय की पत्रिका होनी चाहिए ।

अपेक्षित

प्रारम्भ में संस्थान के पास 2000 ग्रंथों का संग्रह होना चाहिए जिनमें प्रति वर्ष 75 पुस्तकों की वृद्धि होते रहने की व्यवस्था रहनी चाहिए । उसे कम से कम पांच पत्र-पत्रिकाओं को मंगाने की व्यवस्था करनी चाहिए जिनमें से कम से कम दो ऐसी हों जो शिक्षा-व्यवसाय से सम्बन्धित हों ।

3.3.6 खेल और खेल–क्रीड़ाएं (स्पोर्ट्स) :

अनिवार्य

अन्दर कमरों (इनडोर) और बाहर मैदानों (आउटडोर) खेले जाने वाले सामान्य खेलों के लिये खेलकूद सम्बन्धी उपस्कर पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहने चाहिए ।

अपेक्षित

खेलकूद के सामान का एक से अधिक सेट और एथलेटिक्स में प्रशिक्षण देने के लिए आवश्यक सामान और उपस्कर (यंत्र-संयंत्र) ।

4. शैक्षिक अवदान

4.1.1 पात्रता

अनिवार्य

पूर्व-प्राथमिक अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (दो वर्ष) में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता है उच्चत्तर माध्यमिक प्रमाणपत्र (सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट) इंटरमीडिएट (10+2) अथवा समकक्ष परीक्षा, जिसमें 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों ।

Attested
12/5/11
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

253

संवैधानिक/कानूनी प्रावधानों के अनुसार सीटें आरक्षित रखी जाएंगी ।

4.1.2 चयन प्रक्रिया :

कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा स्वीकृत संस्थान/विश्वविद्यालय की प्रबंध समिति अथवा सरकार/राज्य स्तरीय संस्था द्वारा ली गई चयन परीक्षाओं (कोम्प्रीहेंशन), संप्रेक्षण (कम्यूनिकेशन), सामान्य जानकारी (जनरल अवेयरनेस) तथा साक्षात्कार के आधार पर निर्धारित योग्यताक्रम के अनुसार किया जायेगा ।

4.2 कार्य-दिवस (घंटे)

	अनिवार्य	अपेक्षित
कार्य-दिवसों की संख्या (प्रत्येक की अवधि 5 घंटे)	200 (1000 घंटे)	220 (प्रत्येक 5–6 घंटे का) (1100–1320 घंटे)
प्रवेश-प्रक्रिया, प्रशासकीय कार्य, परीक्षा कार्य आदि के लिए दिन	20 (100 घंटे)	15 (75 घंटे–प्रति दिन 5 घंटे)
पाठ्यचर्या में शिक्षण के लिए दिन/घंटों की संख्या	180 (900 घंटे)	205 (1025 घंटे)
— सिद्धांत विषय	400 घंटे	90 (450 घंटे)
— प्रायोगिक विषय	500 घंटे	115 (575 घंटे)

टिप्पणी : प्रायोगिक में विद्यालय-पूर्व केन्द्रों, सामुदायिक केन्द्रों, आंगनवाड़ी/बालवाड़ी (250 घंटे) में क्षेत्र में रहकर अभ्यास के रूप में किया गया अध्यापन कार्य तथा स्वयं संस्थान के भीतर किया गया प्रायोगिक कार्य जैसे कि शिक्षण-निरीक्षण, आदर्श विद्यार्थी द्वारा किया गया अध्यापन कार्य, अध्यापन-सामग्री तैयार करना (250 घंटे) सम्मिलित है । इन दो भागों में क्या और सम्मिलित रह सकता है इस सम्बन्ध में कुछ विवरण अलग भी दिया गया है । (4.5.1 तथा 4.5.2) ।

4.3 पाठ्यक्रम की विषयवस्तु :

विषय-वस्तु में निम्नलिखित सम्मिलित रहने चाहिएं :

* भारत में प्रारम्भिक बाल एवं बाल-सुरक्षा शिक्षा के विकास का इतिहास तथा स्थिति और उसका महत्व ।
* प्रारम्भिक बाल सुरक्षा एवं शिक्षा (ई० सी० सी० ई०) का दार्शनिक आधार ।
* प्रारम्भिक बाल शिक्षा 0 से 3, 3 से 6 वर्ष की आयु तक विकास पक्ष एवं क्रियाकलाप ।
* कार्यक्रम नियोजन तथा कक्षा प्रबन्ध ।
* स्वास्थ्य एवं पोषाहार ।
* विद्यालय संगठन एवं प्रबन्ध ।
* सामुदायिक शिक्षा एवं जनसहयोग (मोबिलाइजेशन) ।
* पद्धतियां एवं सामग्री

अपेक्षाकृत अधिक ध्यान विकास पक्ष तथा प्रारम्भिक बाल्यावस्था से सम्बन्धित गतिविधियों की समझ पर दिया जाना चाहिए ।

उपर्युक्त के अतिरिक्त विद्यार्थी-अध्यापकों के व्यक्तित्व के विकास से सम्बन्धित पाठ्येतर कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाना चाहिए ।

4.4 पाठ्यचर्या में शिक्षण :

भाषण, प्रदर्शन जैसे अध्यापन कार्य में प्रयोग में लाई जाने वाली सीधी पद्धतियों के अतिरिक्त, पाठ्यचर्या में शिक्षण के दौरान निम्नलिखित दृष्टिकोण और पद्धतियों पर जोर दिया जाना चाहिए :

* भागीदारी पद्धति : छोटे-बड़े समूहों में चर्चा-परिचर्चा-अभिनीत-प्रदर्शन (रोल प्ले), खेलकूद, प्रश्नमंच, समान कृत्रिम परिस्थितियों (सिम्यूलेटरी कंडीशन्स), में कार्य निष्पादन, सामग्री निर्माण, परियोजना कार्य, बच्चों के निकट सम्पर्क में प्राप्त अनुभव, बालमेला जैसे कार्यक्रमों का आयोजन ।
* स्वयं पढ़कर सीखने की पद्धति : प्रायोगिक अभ्यास–अध्यापन तथा क्षेत्र में कार्य, रिपोर्ट बनाना, केस-अध्ययन, कहानी संग्रहण, गीत तथा खेलकूद, पुस्तकालय कार्य आदि ।
* श्रव्य दृश्य एवं यंत्रों एवं सामग्री का प्रयोग ।
* क्षेत्र में दौरे एवं भ्रमण

4.5 प्रायोगिक

4.5.1 अभ्यास शिक्षण

अनिवार्य 250 घंटे

अपेक्षित 275 घंटे । लगभग 60 संख्

Attested

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

254

IndiaCode

विद्यार्थीयों-अध्यापकों को विद्यालय पूर्व/केन्द्रों/आंगनवाड़ियों बालवाड़ियों में अभ्यास–अध्यापन के लिए न केवल समयबद्ध "पाठ पढ़ाने/पीरियड लेने" की योजना बनाकर उस पर अमल करना होगा बल्कि यह योजना पूरे दिन के कार्यक्रम (विद्यालय अवधि) के रूप में बनाकर उसे अमल में लानी होगी । ऐसा करना यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि विद्यालय-पूर्व के स्तर की शिक्षा देने वाले चयनित विद्यालयों में, जिन्होंने खेल-खेल में शिक्षा देने की निर्धारित पद्धति अपनां रखी है, सर्वांगीण परिप्रेक्ष्य को लेकर समय के यथोचित उपयोग और नियोजन में प्रशिक्षण देना संभव हो सके । तदनुसार 'अध्यापन', 'पाठ', 'कक्षा' आदि जैसे शब्दों को उनके समुचित विकासशील संदर्भ में समझना होगा । अभ्यास-शिक्षण को चरणों में, अपेक्षित तो यह होगा कि निम्नलिखित तीन चरणों में विभाजित कर लिया जाये :

* चरण–1 विद्यालय-पूर्व की शिक्षा देने वाले 'चयनित विद्यालय केन्द्रों' में कक्षाओं में अध्यापन–निरीक्षण जहां अनुपात 1 विद्यार्थी-अध्यापक और 12 बच्चों से अधिक नहीं रहना चाहिए (20 प्रतिशत समय में)
* चरण–2 सहयोगी के रूप में कक्षा की गतिविधियों का भागीदार बनकर निरीक्षण कार्य (सम्बन्धित केन्द्रों के नियमित अध्यापकों की सहायता के लिये) (30 प्रतिशत समय)
* चरण–3 बच्चों के साथ रहकर स्वतन्त्र कार्य । कक्षा के कार्यक्रम की स्वतंत्र योजना बनाकर उस पर अमल करना (50 प्रतिशत समय अंतरंग–अध्यापन)

इन चरणों का अध्यापक-शिक्षा संकाय द्वारा निकट से पर्यवेक्षण का कार्य करना होगा । पर्यवेक्षण कार्य में निम्नलिखित सम्मिलित रहेंगे :

पाठयोजनाओं की जांच, पूर्व जानकारी देने सम्बन्धी परिचर्चा, योजनाओं (लिंकिंग प्लान्स) के लिये मार्ग दर्शन, जिसमें सिद्धान्त पक्ष पर जानकारी सम्मिलित रहेगी, निगरानी तथा अनुवर्ती कार्यवाही । पर्यवेक्षण कार्य के दौरान किसी भी निश्चित समय में अनुपात । संकाय सदस्य के साथ 6 विद्यार्थी अध्यापक से अधिक नहीं रहेगा ।

विद्यार्थी–अध्यापकों द्वारा स्वयं प्रस्तुत रिपोर्टों संकाय–सदस्यों के पर्यवेक्षण-कार्य तथा विद्यालय पूर्व शिक्षा के अध्यापक वर्ग की रिपोर्टों के आधार पर मूल्यांकन का कार्य निरन्तर होता रहना चाहिए । मूल्यांकन के लिए प्रमुखता नियोजन–कार्य, कक्षा का सुनियोजित संगठन, पठन-पाठन सामग्री का उत्पादन एवं प्रयोग, बच्चों के साथ आदान प्रदान के स्तर की गुणवत्ता को दी जानी चाहिए ।

4.5.2 प्रायोगिक कार्य

अभ्यास शिक्षण कार्य के अतिरिक्त, विद्यार्थी-अध्यापक द्वारा किये जाने वाले कार्य में निम्नलिखित सम्मिलित रहेगें ।

अनिवार्य

(क) पठन-पाठन सामग्री का उत्पादन/संग्रह
  (क) 20 कहानियों का संग्रह तैयार करना
  (ख) 20 खेलों का संग्रह तैयार करना
  (ग) नीचे दी गई सूची के अनुसार पठन-पाठन सामग्री तैयार करना :

अनिवार्य

* एक परिवार के चार सदस्यों (माता-पिता तथा दो बच्चे) के चेहरों की गुड़ियों का निर्माण
* कठपुतलियां (एक दस्ताना (ग्लोव) कठपुतली और एक छड़ी (स्टिक) कठपुतली)
* सीक्वेंस कार्डस (चार कार्ड का एक सैट)
* वर्गीकरण के लिये कार्ड (तास के 52 पत्तों को प्रयोग में लाया जा सकता है)
* 2, 3, 4 प्रकार की पहेलियां (जिगसां पज़ल्स) (अलग-अलग)
* सम्बन्ध कार्ड
* चित्रमय मोहरें (डोमिनोज) (कोई भी)
* कलर फिल्टर्स (तीन रंग, हर रंग के कार्ड का आकार अलग-अलग)
* वैज्ञानिक खिलौने
* संवेदी किट (सेंसरी किट) : फीली बैग (छूकर अनुभव करने के लिए), स्मेल बाक्सेज, साउण्ड बाक्सेस, टच कार्ड, स्वाद
* संगीतमय खिलौने (यथा रेटल, रिद्रम स्टिक्स, डमरु)
* सीरिएशन कार्ड (आकर के लिये)
* प्रथमोपचार किट

अपेक्षित

* मुलायम खिलौने
* मिलान के लिए शक्ल/आकृतियां
* कथा चार्ट (एक)
* स्वयंसिद्ध पहेलियां (समान तथा विपरीत)
* तुलनयंत्र
* दृष्टि पहचान पट्टिका (विजुअल डिसक्रिमिनेशन स्ट्रिप)
* श्रवण पहचान पट्टिका (साउण्ड पहचान पट्टिका)
* फ्लेश कार्डस

ख. कौशल विकास

* कला एवं शिल्प
* पठन-पाठन सामग्री का उपयोग
* संप्रेषण कौशल (कम्यूनिकेशन स्किल)

ग. बच्चों का पर्यवेषण-कार्य संचित रिकार्ड का रख-

Attested

(सहायक नियंत्रक (प्रशासन))
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

255

रखाव प्रगति कार्ड आदि ।

घ. स्वास्थ्य एवं पोषाहार

* प्रथमोपचार
* उपयुक्त आहार और पोषक भोज्य पदार्थों की योजना बनाना और उन्हें तैयार करना

ङ. क्षेत्र में दौरे (रपोर्ट)

च. केस-अध्ययन

4.6 कौशल निर्धारण, मूल्यांकन और निगरानी

कौशल निर्धारण, मूल्यांकन और निगरानी कार्य के लिए निम्नलिखित कार्य करने होंगे :—

(क) विद्यार्थी अध्यापकों के कार्य का कौशल निर्धारण

(ख) प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन

विद्यार्थी-अध्यापक कार्यकुशलता के निर्धारण के आयाम

* विषय-वस्तु का ज्ञान (परीक्षा—मौखिक तथा लिखित)
* भागीदारी का स्तर (अभ्यास-शिक्षण का निरन्तर मूल्यांकन)
* कक्षा में पठन-पाठन कार्य में रुचि
* संप्रेषण-कौशल (मौखिक तथा अमौखिक)
* नियोजन और संगठन कौशल
* प्रारम्भिक उपक्रम शक्ति और नवीन दृष्टिकोण से कार्य करने की क्षमता (इनोशिएटिव एवं इनोवेटिवनेस)
* बच्चों, माता पिता तथा समाज के प्रति प्रासंगिक होने की क्षमता

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन

* पाठ्यक्रम एवं उनका शिक्षण
* अध्यापन पद्धति
* अध्यापकों द्वारा स्वतः मूल्यांकन
* पाठ्यक्रम चलाने वाले विद्यालयों एवं केन्द्रों के साथ आदान-प्रदान, चर्चा-परिचर्चा एवं सहयोग
* अभ्यास शिक्षण का पर्यवेक्षण एवं अनुवर्ती कार्य
* विद्यार्थी अध्यापक के कार्य के कौशल निर्धारण की पद्धतियां एवं दृष्टिकोण
* सुविधाओं के लिए प्रावधान, उनका रख-रखाव तथा उपयोग
* कर्मचारी वर्ग के लिए विकास कार्यक्रम
* अध्यापक विद्यार्थी अनुपात
* विद्यार्थी-अध्यापकों के लिए पाठ्येतर क्रियाकलाप
* अनुभवों के आदान-प्रदान हेतु अध्यापकों की बैठक

5. वित्तीय प्रावधान

5.1 वृत्तिदान एवं आरक्षित निधि

संस्थान के पास आवर्ती तथा अनावर्ती खर्च के लिये पर्याप्त धनराशि रहनी चाहिए ।

सरकार/स्थानीय निकाय/विश्वविद्यालय को यह आश्वासन देना चाहिए कि वह उसे समय-समय पर यथासंभव पर्याप्त आर्थिक सहायता देते रहेंगे । निजी उद्योग से चलाये जाने वाले संस्थान के पास राज्य सरकार/विश्वविद्यालय के मानकों के अनुसार वृत्तिदान निधि बनी रहनी चाहिए । इसके अतिरिक्त इतनी आरक्षित निधि रहनी चाहिए जिससे वह अपने कर्मचारियों को तीन माह का वेतन देने में समर्थ हो ।

5.2 वित्तीय प्रबन्ध

संस्थान की धनराशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/भारतीय स्टेट बैंक अथवा उसके किसी सहयोगी सहायक बैंक में जमा रहनी चाहिए । संस्थान को वे वित्तीय क्रियाविधि सम्बन्धी व्यवस्थाएं अपनानी चाहिये जो विश्वविद्यालय/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की गई हैं । संस्थान के वार्षिक बजट में सभी प्रकार के आवर्ती खर्च के लिये पर्याप्त प्रावधान रहना चाहिए । आवर्ती खर्च का विवरण इस प्रकार है ।

5.2.1 वेतन

भत्तों और अन्य लाभों सहित सभी वर्गों के कर्मचारियों का वि० वि० अ० आयोग/राज्य/केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वीकृत वेतन तथा अन्य लाभ ।

5.2.2 शिक्षण सामग्री का खर्च

मद :

पठन-पाठन सामग्री

खेलकूद सामग्री

शिक्षा एवं विकास मूल्यांकन/कौशल निर्धारण/शिक्षा प्रौद्योगिकी कला, संगीत, तथा गतिताल सम्बन्धी वाद्ययंत्र,

स्पोर्टस तथा खेलकूद

पुस्तकें एवं लेखन सामग्री

आपात खर्च

अनिवार्य : रु० 750— प्रति विद्यार्थी/वर्ष

अपेक्षित : रु० 1000— प्रति विद्यार्थी/वर्ष

संस्थान के आवर्ती खर्च का अनुमान विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर लगाया जा सकता है ।

5.2.3 पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएं, श्रव्य-दृश्य उपकरण आदि

अनिवार्य : 10000— रुपये प्रति वर्ष

अपेक्षित : 15000— रुपये प्रति वर्ष

शुल्क की दरें और छात्रवृत्तियां

अनिवार्य

शुल्क की दरें समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा निश्चित की जानी चाहिये । किन्तु किसी भी स्थिति में एक विद्यार्थी से लिया कुल शुल्क और अन्य अधिभार संस्थान द्वारा प्रति विद्यार्थी पर किये गये आवर्ती खर्च से अधिक नहीं होना चाहिए ।

अपेक्षित

गरीब वर्ग के सुयोग्य विद्यार्थियों के लिये पर्याप्त संख्या में निःशुल्क शिक्षा देने का प्रावधान रहना चाहिए । पर्याप्त संख्या में विशुद्ध योग्यता के आधार पर छात्रवृत्तियां प्रदान करने की व्यवस्था रहनी चाहिए ।

Attested

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

256

indiacode

6. एक ही संस्थान में एक से अधिक पाठ्यक्रम

यदि एक ही संस्थान द्वारा उसी भवन/परिसर में एक से अधिक अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम चलाने की व्यवस्था है तो उस स्थिति में भवन, हाल, पुस्तकालय, छात्रावास, उपकरण, खेल के मैदान आदि के रूप में उपलब्ध सुविधाओं का सभी मिलकर यथावश्यक उचित लाभ उठा सकते हैं ।

परिशिष्ट—II (ख)

11 सितम्बर, 1998/15 जुलाई, 1998

अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिए मानक और मानदंड

(प्रारम्भिक)

एन० सी० टी० ई०

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद्
सी–2/10, सफदरजंग डवलपमेन्ट एरिया
नई दिल्ली
1998

अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिए मानक और मानदंड
(प्रारम्भिक)

1. प्रस्तावना :

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लेख है कि प्रारम्भिक शिक्षा के स्तर पर मुख्य रूप से बल (1) शिक्षा में प्रवेश पाने के लिए सभी के पंजीयन/14 वर्ष की आयु वर्ग तक के सभी बच्चों को शिक्षा में बनाये रखने की सुविधा तथा (2) शिक्षा की गुणवत्ता के स्तर में पर्याप्त सुधार पर दिया जायेगा । प्रारम्भिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार बहुत कुछ उन अध्यापकों की अपनी गुणवत्ता पर निर्भर करेगा जो इन कार्यक्रमों को चलाने के लिए उत्तरदायी हैं । प्रकारान्तर यह कहा जा सकता है कि अध्यापकों की गुणवत्ता प्रमुख रूप से इस बात पर निर्भर करती है कि प्रारम्भिक अध्यापक का शिक्षा के क्षेत्र में सेवापूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का स्तर क्या है ।

विभिन्न स्तरों पर अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमों की गुणवत्ता के स्तर को ऊंचा उठाने की दृष्टि से राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिए मानक और मानदंड निर्धारित किये गये हैं । वर्तमान दस्तावेज में 12वीं कक्षा की परीक्षा अथवा उसकी समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद दो वर्ष के प्रारम्भिक अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में शिक्षा देने वाले प्रारम्भिक अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिए मानक और मानदंड दिये गये हैं । इन मानकों के अंतर्गत जिन विषयों को रखा गया है वे हैं : मानव संसाधन, आधारभूत ढांचागत साज समान, शैक्षिक अवदान तथा वित्तीय प्रावधान ।

मानक दो स्तरों पर प्रस्तुत किये जा रहे हैं : (1) अनिवार्य मानकों के अंतर्गत उन न्यूनतम अपेक्षाओं की व्याख्या की गई है, राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा सांविधिक मान्यता प्राप्त करने की दृष्टि से सभी संस्थानों द्वारा जिनकी पूर्ति होना अनिवार्य है और (2) अपेक्षित मानकों का अर्थ उनसे हैं, कम से कम उचित अवधि में जिनका लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में संस्थानों को सतत् प्रयत्न करते रहना होगा ।

ये मानक कम से कम 100 विद्यार्थियों (50 पहले वर्ष में+50 दूसरे वर्ष में) को प्रवेश दिये जाने की संभावना की सुविधा के आधार पर मानकर तैयार किये गये हैं । इससे अधिक संख्या में प्रवेश देने वाले संस्थानों को जितने अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है उसी अनुपात में अध्यापक वर्ग की संख्या और सुविधाओं में वृद्धि करना आवश्यक होगा । यदि 100 से कम विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा, उस स्थिति में भी निर्धारित न्यूनतम आश्वश्यकताओं की पूर्ति तो करनी ही होगी ।

इस दस्तावेज में आधारभूत साज-सामान शीर्षक के अंतर्गत भूखंड, भवन, स्थान, पुस्तकालय आदि के सम्बन्ध में जिन अनिवार्य अथवा अपेक्षित मापों का उल्लेख है, आशय यही है कि वे उतनी तो अवश्य होनी ही चाहिए और उनका उल्लेख मात्र मार्गदर्शन की दृष्टि से ही किया गया है । इसका मुख्य प्रयोजन यह सुनिश्चित करना है कि कमरे आदि उतने आकार के अवश्य होने चाहिएं जिनमें अपेक्षित संख्या में विद्यार्थियों के पठन-पाठन का काम बिना कठिनाई के सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके ।

2. मानव संसाधन :

2.1 अध्यापक वर्ग :

अनिवार्य :

प्राचार्य को छोड़कर प्रारम्भिक अध्यापक शिक्षा संस्थानों में अध्यापक–विद्यार्थी का अनुपात 1 : 12 में रहना अनिवार्य है । 100 विद्यार्थियों को प्रवेश दिये जाने की स्थिति में (50 पहले वर्ष में + 50 दूसरे वर्ष में) जिस अध्यापक वर्ग की आवश्यकता रहेगी उनमें एक प्राचार्य और 8 अध्यापक सम्मिलित हैं । यदि प्रवेश अधिक विद्यार्थियों को दिया जाता है तो उसी अनुपात में अध्यापकों की संख्या में वृद्धि करना आवश्यक होगा ताकि 1 : 12 का अनुपात बनाये रखना संभव हो सके । अनुपात की गणना में अंशकालिक अध्यापकों की गिनती नहीं की जाएगी । अध्यापकों में कम से कम एक अध्यापक ऐसा अवश्य होना चाहिए जिसे विद्यालय स्तर की शिक्षा में पढ़ाने जाने वाले विषय यथा अंग्रेजी, मातृभाषा (राज्य की भाषा), गणित, विज्ञान, समाजशास्त्र तथा कम्प्यूटर शिक्षा में से हरएक विषय की विषयवस्तु और शिक्षण पद्धति का ज्ञान हो । शिक्षा का आधार एवं सामान्य विषयों को पढ़ाने के लिए अलग से दो अध्यापक और रहने चाहिये । इनके अतिरिक्त निम्नलिखित क्षेत्रों से सम्बन्धित हर विषय के लिए एक-एक प्रशिक्षक और होना चाहिए; शारीरिक शिक्षा, संगीत कार्यशाला अभ्यास, शिक्षा प्रौद्योगिकी । कितने अध्यापक रखना आवश्यक होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि भाषण–कार्य का भार, अभ्यास-

Attested
सहायक निदेशक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

शिक्षण पर्यवेक्षण-कार्य का भार और उससे सम्बन्धित अन्य प्रायोगिक कार्य का भार कितना रहता है। इतना ही नहीं, एक अध्यापक शिक्षा संस्थान में अध्यापकों की संख्या पर्याप्त है या नहीं, इस बात का अनुमान इस दृष्टि से लगाना होगा कि पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण लेने वाले किसी अमुक ऐच्छिक विषय समूह में कितने विद्यार्थी आते हैं, साथ ही एक विद्यार्थी कितने ऐच्छिक विषय और लेता है। यह सभी व्यवस्था इसी स्थिति पर निर्भर करती है कि पढ़ाये जाने वाले हर विषय (विद्यालय स्तर के विषय) को पढ़ाने के लिए कम से कम एक योग्यता-प्राप्त अध्यापक और हर बैच को सामान्य विषय पढ़ाने के लिए एक अध्यापक अवश्य रहना चाहिए।

प्राचार्य और अध्यापकों की पदश्रेणी और योग्यतायें इस प्रकार होनी चाहिये :—

पद	अनिवार्य	अपेक्षित
प्राचाय	पद: रीडर /किसी महाविद्याल में वरिष्ठ प्राध्यापक (लेक्चरर) योग्यतायें : एम० एड०/शिक्षा विषय में एम० ए० तथा प्राध्यापक (लेक्चरर) के रूप में अध्यापन कार्य का पांच वर्ष का अनुभव।	पद : प्रोफेसर योग्यताएं : विद्यालय विषय में स्नातकोत्तर डिग्री साथ ही शिक्षा विषय में स्नातकोत्तर डिग्री एवं प्राध्यापक (लेक्चरर पद पर अध्यापन कार्य का अनुभव।
सामान्य विषयों के लिये प्राध्यापक (2)	पद . किसी मद्य विद्यालय में प्राध्यापक योग्यतायें : एम० एड० शिक्षा विषय में एम० ए०	पद : रीडर योग्यतायें एम० एड० शिक्षा विषय में एम० ए० तथा सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री; मनोविज्ञान शास्त्र / समाजशास्त्र को प्रधानता।
अध्यापन पद्धति विद्यालय विषय में प्राध्यापक (लेक्चरर) (5)	पद : महाविद्यालय के लिये निर्धारित योग्यता के साथ प्राध्यापक (लेक्चरर) एम० एड० शिक्षा विषय में एम० ए० जिसमें पहली डिग्री सम्बन्धित विषय में हो और शिक्षण पद्धति में विशेष योग्यता हो अथवा संबंधित विद्यालय विषय में एम० ए०/एम० एस० सी० हो, साथ में विषय के अध्यापन कार्य में विशेष योग्यता हो।	पद : रीडर योग्यतायें एम० एड० /शिक्षा विषय में एम० ए० तथा सम्बन्धित प्रासंगिक अथवा सम्बन्धित विद्यालय विषय में एम० ए०
शिक्षा प्रौद्योगिकी में प्राध्यापक (1)	पद: महाविद्यालय में प्राध्यापक (लेक्चरर) योग्यतायें शिक्षा प्रौद्योगिकी में विशेष योग्यता के साथ एम० एड० अथवा शिक्षा प्रौद्योगिकी में एम० एड०	पद : महाविद्यालय में प्राध्यापक (लेक्चरर)। योग्यतायें इंजीनियरी की डिग्री, साथ में शिक्षा प्रौद्योगिकी में विशेष प्रशिक्षण
शारीरिक शिक्षा में प्रशिक्षक (1)	पद : पोस्ट ग्रेजुएट अध्यापक योग्यतायें बी० पी० एड०/बी० पी० ई०	पद : महाविद्यालय में प्राध्यापक (लेक्चरर) योग्यतायें एम० पी० एड०/एम० पी० ई०
कला/संगीत प्रशिक्षक (2)	पद : माध्यमिक विद्यालय में अध्यापक योग्यतायें कला/संगीत में डिग्री अथवा उच्च माध्यमिक शिक्षा के बाद कला/संगीत में डिप्लोमा	पद : महाविद्यालय में प्राध्यापक (लेक्चरर) योग्यतायें कला/संगीत में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा
कार्यशाला प्रशिक्षक/ काय अनुभव प्रशिक्षक (1)	पद: माध्यमिक विद्यालय अध्यापक योग्यताएं इंजीनियरी में डिप्लोमा	पद : महाविद्यालय में प्राध्यापक (लेक्चरर) योग्यताएं इंजीनियरी में डिग्री
शिक्षा प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षक (1)	पद पोस्ट ग्रेजुएट अध्यापक योग्यताएं कम्प्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा	पद: महाविद्यालय में प्राध्यापक (लेक्चरर) योग्यताएं : कम्प्यूटर विज्ञान में डिग्री

Attested

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54

258

टिप्पणी

(1) उच्च पद और उच्च योग्यताएं निर्धारित होने पर उपयुक्त पदनाम दिये जाएं (जैसे कि प्रशिक्षक के पद की श्रेणी बढ़ाकर उसे प्राध्यापक (लेक्चरर) आदि का पद बना दिया जाए) ।

(2) अध्यापक वर्ग में सभी कर्मचारियों को नियुक्ति नियमित एवं पूर्णकालिक आधार पर की जाए जिन्हें राज्य/केन्द्रीय सरकार की सेवा के लिए निर्धारित वेतनमान दिया जाए।

(3) सभी पदों के लिए चयन विधिवत गठित चयन समितियों द्वारा ही किया जाए जिसमें विशेषज्ञ सदस्य रहें ।

(4) अध्यापन के कार्यभार के अनुसार कला, संगीत तथा कार्य अनुभव आदि विषयों के लिए अंशकालिक अध्यापकों की नियुक्तियां की जा सकती हैं । अध्यापक-विद्यार्थी अनुपात की गणना करते समय इन अंशकालिक अध्यापकों को गणना में नहीं लिया जायेगा ।

2.2 सहायक तकनीकी कर्मचारी वर्ग

पद	अनिवार्य	अपेक्षित
लायब्रेरियन	एक योग्यतायें पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा	योग्यतायें पुस्तकालय विज्ञान में डिग्री, पुस्तकालय आटोमेशन में अनुभव।
लायब्रेरी सहायक	एक योग्यतायें पुस्तकालय विज्ञान अथवा समकक्ष विषय में डिप्लोमा	दो योग्यतायें पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा

2.3 प्रशासकीय कर्मचारी वर्ग

पद	अनिवार्य	अपेक्षित
कार्यालय सहायक	एक	दो
लेखा सहायक	एक	दो
टाइपिस्ट वर्ड प्रोफेसर	एक	दो
कार्यालय सहायक	दो	दो

टिप्पणी

50 से अधिक बैच के लिये कर्मचारी वर्ग और सुविधाओं की गणना करने के सम्बन्ध में निम्नलिखित सिद्धान्तों का पालन किया जायगा

बैच का आधार 50–55 — 50 के बैच के लिये निर्धारित आवश्यकतायें

बैच का आकार 56–65 60 के बैच के लिये निर्धारित आवश्यकतायें

बैच का आकार 66–75 70 के बैच के लिये निर्धारित आवश्यकतायें

किसी एक अकेले बैच में 75 से अधिक को रखने की अनुमति नहीं दी जायेगी । किसी एक वर्ष में 75 से अधिक को प्रवेश दिये जाने पर, सम्बन्धित आकार के बैच के लिये निर्धारित नियमों के अनुसार, दूसरे स्वतंत्र बैच के चलाने की क्रियाविधि को अपनाना होगा ।

किसी भी परिस्थिति में किसी एक वर्ष में 150 से अधिक को प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

6—519 GI/98

Attested
12/5/11
सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

259

IndiaCode

3. आधारभूत ढांचागत साज-सामान :

3.1 स्थान और भवन :

3.1.1 भूखंड, क्षेत्र और स्थान :

अनिवार्य :

प्रशासकीय खंड, शैक्षिक खंड तथा खेल के मैदानों/ मनोरंजन सम्बन्धी गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान।

संस्थान ऐसे स्थान पर होना चाहिए जहां शोरगुल अपेक्षाकृत कम रहता हो और जो प्रदूषण-मुक्त क्षेत्र हो और जहां पानी और बिजली पर्याप्त मात्रा में मिलती रहे। यहां से निकटतम स्थित शहर के लिए परिवहन और संचार की अच्छी सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिए।

पहले और दूसरे वर्ष में प्रवेश सम्बन्धी आवश्यकतायें—50+50

मद	अनिवार्य	अपेक्षित
कुल भूखण्ड क्षेत्र	5000 व० मी०	15000 व० मी०
भवन का तलक्षेत्र (इसमें छात्रावास तथा कर्मचारी आवास गृह शामिल नहीं है)	1000 व० मी०	1500 व० मी०
प्रति विद्यार्थी तलक्षेत्र	10 व० मी०	12 व० मी०

3.1.2 शिक्षण सुविधाएं

मुख्य भवन में निम्नलिखित सुविधायें रहनी चाहिये

	अनिवार्य	अपेक्षित
1. कक्षा के कमरे	4 : प्रत्येक 60 व० मी०	6 ; 150 व० मी०
2. सभा कक्ष	1 : 100 व० मी०	6; 150 व० मी०
3. पुस्तकालय एवं वाचनालय	1 : 100 व मी. 30 विद्यार्थियों के लिये बैठने का स्थान	1; 50 विद्यार्थियों के बैठने के लिये 150 व० मी०
4. **बहुउद्देश्यीय शैक्षिक प्रयोगशाला	; 75 व० मी० 16–20 विद्यार्थियों के लिये प्रायोजिक कार्य की सुविधायें	2; 15 विद्यार्थियों के लिये 75 व० मी०
5. कार्यशाला	1; 75 व० मी०	2 ; प्रत्येक 75 व० मी०
6. कला तथा संगीत कक्ष	1 ; 60 व० मी०	2 अलग-अलग कक्ष—प्रत्येक का आकार 50 व० मी०
7. खेल कक्ष	1 ; 50 व० मी०	1+ इनडोर खेलों के लिये 1 हाल—आकार 50 व० मी०
8. शिक्षा प्रौद्योगिकी कक्ष	1 ; 40 व० मी०	1+ अलग से 1 कम्प्यूटर कक्ष में 40 व० मी०

**शिक्षा सम्बन्धी विचार और पद्धतियों को सम्मलित करने की दृष्टि से सस्थानों में प्रयोगशाला सम्बन्धी आवश्यकताओं को फिर से निर्धारित किया जाना आवश्यक होगा; नियमित विज्ञान प्रयोगशाला अथवा मनोविज्ञान प्रयोगशाला का होना आवश्यक नहीं है; किंतु विभिन्न खण्डों (विज्ञान शिक्षा प्रयोगशाला, गणित शिक्षा प्रयोगशाला; भाषा शिक्षा प्रयोगशाला, शिक्षा प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला, सामाजिक विज्ञान प्रयोगशाला) वाली एक बहुआयामी बहूउद्देश्यीय प्रयोगशाला का और उसके साथ एक छोटी कार्यशाला का होना आवश्यक है।

यदि एक बहुउद्देशीय प्रयोगशाला के लिये बड़े आकार का कोई कमरा उपलब्ध न हो तो भिन्न भिन्न खण्डों की प्रयोगशालाओं के लिये अलग अलग कमरे बनाये जा सकते हैं।

3.1.3 प्रशासन खण्ड

प्रशासनिक खण्ड में निम्नलिखित कमरे होने चाहिये

कमरे	अनिवार्य	अपेक्षित
प्राचार्य का कक्ष	1; 30 व० मी०	50 व० मी०
अध्यापक बैठक कक्ष	1; 60 व० मी०	75 व० मी०
कार्यालय कक्ष	1 ; 50 व० मी०	75 व० मी०
भण्डार कक्ष	1 ; 50 व० मी०	75 व० मी०

IndiaCode

Attested

सहायक नियंत्रक (प्रशासन) 12/5/11
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

960

3.1.4 अन्य सुविधाएं :

अनिवार्य :

40 वर्ग मीटर के आकार का महिला विद्यार्थियों के लिए एक सामान्य बैठक कक्ष, जिसमें साफ पीने के पानी और प्रसाधन (शौचालय आदि) की सुविधाएं उपलब्ध रहें ।

अपेक्षित :

दो सामान्य बैठक कक्ष, पुरुष और महिला विद्यार्थियों के लिए एक-एक जिसमें हरएक का क्षेत्रफल 50 वर्ग मीटर हो और जिनके साथ में महिला तथा पुरुष विद्यार्थियों तथा कर्मचारी वर्ग के लिए अलग-अलग प्रसाधन कक्ष रहें । दो स्थानों पर जल–प्रशीतक (वाटर कूलर) की सुविधाएं हों।

3.1.5 आवासीय क्षेत्र

(क) विद्यार्थियों के लिये छात्रावास

अपेक्षित

दो छात्रावास, एक पुरुष विद्यार्थियों के लिये और एक महिला विद्यार्थियों के लिये, जिनमें 60 प्रतिशत विद्यार्थियों के रहने की सुविधा रहे ।

(ख) कर्मचारी आवासगृह

अपेक्षित

अध्यापक वर्ग के कम से कम 50 प्रतिशत कर्मचारियों और अध्यापक वर्ग से अतिरिक्त उन सभी कर्मचारियों के लिये जिनकी सेवाओं की दिन रात में किसी भी समय आवश्यकता रहती है, परिसर के आसपास रहने के लिये मकानों की व्यवस्था की जानी चाहिये । प्राचार्य के लिये आवास की व्यवस्था संस्थान के आस पास होनी चाहिये ।

(ग) खेल के मैदान

अनिवार्य

संस्थान के पास कम से कम इतने खेल के मैदानों की सुविधा रहनी चाहिये जहां एक समय में ही कम से कम 50 प्रतिशत विद्यार्थियों को बाहर मैदानों में खेले जाने वाले इन खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिये छोटे-छोटे मैदान बने हों; वालीबाल, बास्केट बाल, बैडमिन्टन, खो–खो, कबड्डी या अन्य स्थानीय खेल । खेल के मैदानों और शारीरिक शिक्षा के लिए कम से कम 500 वर्ग मीटर क्षेत्र की व्यवस्था रहनी चाहिए ।

अपेक्षित :

खेल के मैदान––1000 वर्ग मीटर । बड़े-बड़े मैदानों में खेले जाने वाले––फुटबाल, हाकी, क्रिकेट जैसे खेलों के लिए सुविधाएं–इनडोर खेली–टेबिल टेनिस आदि जैसे इन डोर खेलों के लिए एक हाल, जिमनेजियम तथा एथलेटिक्स ट्रैक।

3.2 उपस्कर (यंत्र-संयंत्र) :

3.2.1 बहुउद्देश्यीय शिक्षा प्रयोगशाला :

बहुउद्देश्यीय शिक्षा प्रयोगशाला (विज्ञान खंड) :

अनिवार्य :

संस्थान में प्राथमिक तथा मिडिल स्कूल की कक्षाओं के पाठ्यक्रमों में निर्धारित सभी तरह के परीक्षणों के प्रदर्शन के लिए आवश्यक सभी यंत्र-संयंत्र और रसायन रहने चाहिए।

अपेक्षित :

उक्त प्रयोगशाला के लिए कार्यों में काम आने वाले यंत्र-संयंत्र के अनेक सेट; देशी सामान को इस्तेमाल में लाकर परीक्षण-किटों को तैयार करने की सुविधाएं ।

3.2.2 बहुउद्देश्यीय शिक्षा प्रयोगशाला (मनोविज्ञान खंड) :

अनिवार्य :

निम्नलिखित परीक्षणों के लिए प्रावधान रहना चाहिए: सवेदी मोटर, बुद्धि परीक्षण (मौखिक तथा अमौखिक प्रस्तुति); प्रवृत्ति, व्यक्तित्व तथा प्रोजेक्टिव परीक्षणों सहित रुचियों-अभिरुचियों की सूचिका; साधारण पियाजेशियन तथा बूनेरियन परीक्षण करने के लिए प्रावधान ।

अपेक्षित :

मनोवैज्ञानिक परीक्षण जैसे कि––सपैन अटेंशन, डिस्ट्रेक्शन, आफ अटेन्शन मेज लर्निंग, बायलेटरल ट्रान्सफर आफ ट्रेनिंग, फ्री वर्सेस कंट्रोल्ड एसोसिएशन, इफेक्ट आफ कोडिंग आन मेमोरी, रिट्रोएक्टिव इनहिबीशन, इफेक्ट ऑफ रेस्ट पॉज ऑन साइको-मोटर लर्निंग, इफेक्ट ऑफ मेन्टल सेट ऑन प्रोब्लेम सौल्विंग, इफेक्ट आंफ मेन्टल सेट ऑन कंसेप्ट फार्मेशन, इफेक्ट ऑफ नेचर ऑफ स्टिमुलस मैटीरियल ऑन रिटेन्शन; एसोसिएशन मीडिएशन इफेक्ट, लर्निंग कंसेप्ट फार्मेशन एंड लर्निंग के करने के लिए आवश्यक उपस्कर (यंत्र-संयंत्र) ।

उक्त निर्दिष्ट परीक्षणों के लिए सभी अपेक्षित सुविधाएं तथा साज-सामान । उक्त निर्दिष्ट परीक्षणों के लिए अनेक सेट ।

3.2.3 बहूउद्देश्यीय शिक्षा प्रयोगशाला (शिक्षा प्रौद्योगिकी खंड)

अनिवार्य :

एक टी० वी०, एक ऑडियो कैसेट रिकार्डर, एक स्लाइड-कम-फिल्म स्ट्रिप प्रोजेक्टर; काफी संख्या में खाली ओडियो–विडियो/ट्रांजिस्टर सेट, वीडियो-कैसेट, कोर्डलेस माइक्रोफोन, एक रेडियो ट्रांजिस्टर सेट ।

अपेक्षित :

वीडियो कैमरा, एक एम्प्लीफायर, एक कम्प्यूटर, दो स्पीकर, दो माइक्रोफोन, दो ओडियो-कैसेट, रिकार्डर, एक वी० सी० आर०, एक ओ० एच० पी० कम्प्यूटर पर स्वयं सीखने की काफी सामग्री की सुविधा, एक मूवी कैमरा तथा फिल्म तैयार करने की सुविधाएं ।

Attested

सहायक नियंत्रक (प्रशासन)
भारत सरकार, प्रकाशन विभाग
सिविल लाइन्स, दिल्ली–54

261

3.2.4 बहुउद्देश्यीय शिक्षा प्रयोगशाला से सम्बद्ध कार्यशाला

अनिवार्य

लकड़ी के काम के हाथ के औजारों का एक सेट, माली के औजारों का एक सेट और काम में अनुभव लेने के क्रिया-कलापों के लिए आवश्यक दूसरे जरूरी यंत्र-संयंत्र; दर्जीगीरी, टाइपराइटिंग के अभ्यास में और साधारण इलाक्ट्रानिक परीक्षणों में काम आने वाली वस्तुओं का प्रावधान, लकड़ी के काम, बढ़ईगीरी, लोहार के काम, मिट्टी के मॉडल बनाने तथा टीन (शीटल मेटल) के काम में अभ्यास की सुविधा के लिये एक खंड ।

अपेक्षित

शीशे की वस्तुएं बनाने, भट्टी से काम करने, कागज की लुग्दी से माडल बनाने तथा झलाई-ढ़लाई के काम के लिए एक खंड, पुट्ठे, टीन, लकड़ी तथा मिट्टी से शिक्षा देने के काम में आने वाली सामग्री/वस्तुओं के बनाने का प्रावधान।

3.2.5 कला तथा संगीत खंड

अनिवार्य

कला वस्तुएं बनाने के अभ्यास के लिए आर्ट पेपर, बोर्ड, ब्रुश, रंग आदि । हारमोनियम, तबला, मृदंग, बांसुरी तथा अन्य लोकप्रिय वाद्ययंत्र, नृत्य तथा नाटक प्रस्तुत करने के लिए परिधान व अन्य आवश्यक वस्तुएं, पर्दे तथा अन्य सहायक सामग्री ।

अपेक्षित

ध्वनि रिकार्डिंग यंत्र, प्रसिद्ध संगीतकारों के संगीत के रिकार्ड, महत्वपूर्ण कला शैलियों को बताने वाले महान कलाकारों के चित्रों की प्रतियां, प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्यों के वीडियो कैसेट, विभिन्न प्रकार के लोकनृत्यों के वीडियो कैसेट ।

3.2.6 खेल और खेल-क्रीडाएं (स्पोर्टस)

अनिवार्य

महत्वपूर्ण आउटडोर एवं इनडोर खेलों के लिये, खेलों और खेल-क्रीड़ाओं (स्पोर्ट्स) में काम आने वाले पर्याप्त यंत्र-संयंत्र और सामग्री । एथलेटिक्स तथा स्वस्थ शरीर निर्माण (बाडी बिल्डिंग) में प्रशिक्षण देने के लिये आवश्यक उपकरण ।

अपेक्षित

व्यायाम उपकरण तथा औजार, विभिन्न खेलों, विभिन्न प्रकार के व्यायामों तथा यौगिक मुद्राओं के अध्ययन में काम आने वाली वीडियो टेप ।

3.2.7 कम्प्यूटर केन्द्र

अनिवार्य

दो कम्प्यूटर और उनके प्रयोग में काम आने वाली अन्य सामग्री ।

अपेक्षित

पांच कम्प्यूटर, इंटरनेट कनेक्शन तथा ई० मेल की सुविधा ।

3.3 पुस्तकें तथा पत्र-पत्रिकाएं

अनिवार्य

संस्थान के चालू होने के पहले वर्ष के दौरान संदर्भ ग्रंथों और पाठ्यपुस्तकों सहित कम से कम 1500 पुस्तकें, जिनमें प्रति वर्ष 100 पुस्तकों की वृद्धि होते रहे । संस्थान को शिक्षा-व्यवसाय से सम्बन्धित कम से कम तीन पत्रिकाएं मंगाने की व्यवस्था करनी होगी ।

अपेक्षित

